हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 22 मई 2026

11 तीन साल से फाइल ट्रांसफार के फेर में ...



12 हीटवेव ने जंगल के राजा शेर को सताया चिड़ियाघर ...



**खबर संक्षेप**

### विदेश भेजने के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने युवाओं को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। रतेरा निवासी अंकुश ने इस बारे में शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोप है कि हिसार निवासी सोनू ने उसे थाईलैंड में नौकरी का झांसा देकर बैंकॉक भेजा और वहां से म्यांमार पहुंचा दिया। पुलिस ने आदमपुर मंडी निवासी आशीष को गिरफ्तार किया।

### हेरोइन तस्करी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** एंटी नारकोटिक सैल ने हेरोइन तस्करी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम सूचना मिलने पर बस अड्डा अलखपुरा पहुंची। वहां पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे दो युवकों को पकड़ लिया गया। आरोपियों की पहचान देवराला निवासी दिनेश और सोनू के रूप में हुई। तलाशी में दिनेश से 8.48 ग्राम और सोनू से 6 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों ने बताया कि वे मसूदपुर निवासी कृष्ण से हेरोइन लाए थे। पुलिस ने कृष्ण को भी गिरफ्तार कर लिया।

### तार चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ प्रथम ने निर्माणाधीन मकान से बिजली की तार चोरी करने के मामले में आरोपी रोहन निवासी सीतामढ़ी बिहार, हाल निवासी कीर्ति नगर भिवानी को गिरफ्तार किया है। दादरी के प्रदीप ने थाना में शिकायत में बताया थी कि कीर्ति नगर स्थित उसके निर्माणाधीन मकान से चोर तारों के बंडल चोरी कर ले गए।

## सब्जीमंडी में 6 घंटे देरी से पहुंचे आधे ट्रक, दिल्ली-एनसीआर में ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल शुरू

# ट्रकों का चक्का जाम, व्यापारियों के अटके काम, बढ़ने लगे फल और सब्जियों के दाम





**भिवानी।** हड़ताल के चलते ऑटो मार्केट में खड़े ट्रक और हड़ताल की वजह से खड़े ट्रक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ट्रांसपोर्टरों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के चलते भिवानी में भी पूरी तरह से ट्रकों का चक्का जाम रहा। हड़ताल के चलते भिवानी से किसी भी राज्य या दिल्ली के लिए सामान लोड नहीं हुआ। ट्रक ऑटो मार्केट में ही रहे।

**ट्रांसपोर्टरों का विरोध दिल्ली सरकार और सीएक्यूएम की नीतियों के खिलाफ**

दूसरी तरफ सब्जी व फलों के वाहन सब्जीमंडी में पहुंचे,लेकिन अन्य दिनों की अपेक्षा करीब छह से सात घंटे देरी से और आधे वाहन ही पहुंच पाए। जिस वजह से सब्जीमंडी में फल व बाहर से आने वाली सब्जियों के दामों में जबरदस्त गर्मी देखी गई। हालांकि बाद में सब्जी के वाहन पहुंचने के बाद सब्जियों के दामों में थोड़ी सी नरमी जरूर देखी गई,पर लोगों ने गाजर, मटर,चुकदंर, ऑवला, खुम्बी की बिक्री गरम रही। फड़ पर बेचने वाले दुकानदारों ने इन सब्जियों को हाथों हाथ ही उठा लिया। ट्रकों की हड़ताल का असर कई अन्य चीजों पर देखा गया।

> हड़ताल के चलते भिवानी से किसी भी राज्य या दिल्ली के लिए सामान लोड नहीं हुआ। ट्रक ऑटो मार्केट में ही रहे। तय कार्यक्रम के हिसाब से ट्रांसपोर्टरों ने 20 मई को ही ट्रक लोड नहीं करवाए। भिवानी से अकेले दिल्ली के लिए करीब 40 से 45 ट्रक ट्रांसपोर्ट से सामान लेकर जाते हैं।

तय कार्यक्रम के हिसाब से ट्रांसपोर्टरों ने 20 मई को ही ट्रक लोड नहीं करवाए,जिस वजह से आज सुबह कोई ट्रक भिवानी से दिल्ली व अन्य जगहों के लिए रवाना नहीं हुए। भिवानी से अकेले दिल्ली के लिए करीब 40 से 45 ट्रक ट्रांसपोर्ट से सामान लेकर जाते है। आज पूरे दिन उन ट्रकों के पहिए शांत रहे।

### हड़ताल से सब्जीमंडी की बिगड़ी चाल

ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल का असर गुरुवार को सब्जीमंडी में भी देखने को मिला। गाजर, मटर, पत्ता गोभी, चुकदंर, ऑवला, खुम्बी, परमल व अन्य सब्जी लेकर आने वाले ट्रक करीब 6 से सात घंटे देरी से पहुंचे। यही हालत आम, लिची, आड़ू, आलू बुखारा व अन्य फल लाने वाले ट्रकों की संख्या भी आधी रही। ये भी देरी से पहुंचने की वजह से फलों के दामों को पंख लग गए। जो फल व सब्जियां बाहर से आई थी। वे हाथो हाथ बिक गई। ट्रकों के देरी से आने व उनकी संख्या आधी होने की वजह से फल व सब्जियों के दामों में तेजी बनी रही।

### क्यों हो रही है ट्रकों की हड़ताल

ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी राकेश ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में ट्रांसपोर्टरों की तीन दिवसीय हड़ताल वीरवार से शुरू हो गई। हड़ताल के चलते भिवानी में ट्रकों का चक्का जाम का असर साफ दिखाई दे रहा है। यहां से कोई भी ट्रक दिल्ली व अन्य जगहों के लिए लोड ही नहीं किया,जिस वजह से ट्रक खड़े रहे। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्टरों का विरोध दिल्ली सरकार और सीएक्यूएम की उन नीतियों के खिलाफ है, जिनमें ईसीसी टैक्स में बढ़ोतरी, ग्रीन टैक्स दोगुना करना और एक नवंबर 2026 से दिल्ली में बीएस-4 कमर्शियल वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव शामिल है। बीएस-5 ट्रकों पर लगाए जा रहे ईसीसी शुल्क का भी ट्रांसपोर्टर विरोध कर रहे हैं। बी 6 पर ग्रीन टैक्स कई बढाने से ट्रांसपोर्टर अपना कारोबार बंद करने की कगार पर पहुंच गए है।

**मंदिर के पास खोला**

### ग्रामीणों ने शराब ठेके के विरोध में दिया धरना



**बाढ़ड़ा।** दगड़ौली गांव में मुख्य बस स्टैंड के पास शराब ठेका संचालित किए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। गांव की सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने ठेके के सामने एकत्र होकर आबकारी विभाग और ठेकेदार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि मंदिर और मुख्य बस स्टैंड के समीप शराब ठेका खोलकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है।

> ■ शराब ठेका स्थानांतरित होने तक ग्रामीण एकजुटता के साथ जारी रखेंगे धरना व विरोध प्रदर्शन

पंचायत समिति सदस्य गुणपाल सिंह दगड़ौली ने कहा कि आबकारी विभाग और ठेकेदार पैसे के लालच में युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर शराब ठेका खोला गया है, वहां गांव का मुख्य बस स्टैंड और मंदिर स्थित है। इसी स्थान से चार गांवों के लोग भिवानी, दादरी और नारनौल के लिए बस सेवा लेते हैं। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं स्कूल और कॉलेज आने-जाने के लिए यहां बसों का उपयोग करते हैं, जिससे अभिभावकों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि शराब ठेके को स्थानांतरित नहीं करने तक उनका विरोध जारी रहेगा।

BRCM EDUCATION SOCIETY, BAHAL-127028, DISTT-BHIWANI HARYANA
TRANSFORMING VALUES WITH COMMITMENT 1987

**BRCM EDUCATION SOCIETY**
Bahal-127028, Bhiwani (HARYANA)
*Transforming Values with Commitment...*

**BRCM HIGHER EDUCATION INSTITUTIONS** | **ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27**

**BRCM COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY**
Engineering New Vision...
Estd. 1999
Approved by AICTE, New Delhi & Affiliated to MDU, Rohtak
Recognized Under Section 2 (f) & 12 (B) of the UGC Act, 1956)
NAAC Accredited B+ Grade with 2.67 CGPA
NBA Accredited In B. Tech CSE & EE

PROGRAMS OFFERED
B.Tech.
- Computer Science & Engineering
- CSE (AI & ML) NEW
- Civil Engineering
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering

M.Tech.
- Computer Science & Engineering
- Electrical & Electronics Engineering
- Structural Engineering

For Further Information Please Contact
Ph. No. - 8059900243, 8059900247
E-Mail : infocollege@brcm.edu.in
Website : www.brcmcet.edu.in

**GDC MEMORIAL COLLEGE**
Estd. 2011
Your Potential - Our Passion...
Approved by Govt. of Haryana
Permanently Affiliated to Chaudhary Bansi Lal University, Bhiwani
NAAC Accredited 'B' Grade (Second Cycle)
Recognized under Sections 2(f) & 12B of the UGC Act, 1956

COURSES OFFERED
UG Courses
- B.Com. (Pass)
- B.A. (Bachelor of Arts)
- B.Sc. (Life Science/Medical)
- B.Sc. (Phy. Sci./Non-Med./Comp. Sci.)
- BPES (Phy. Edu. and Sports)
- B.Sc. Agriculture (Hons.)

PG Courses
- M.Sc. - Mathematics
- M.Sc. - Physics
- M.Sc. - Chemistry
- M.Sc. - Geography
- M.Sc. - Psychology
- M.A. - History
- M.Com.

For Further Information Please Contact
Ph. No. - 9992000335, 9992500750, 9991500408
E-Mail : infogdc@gdccollege.edu.in | Website : www.gdccollege.edu.in

**BRCM LAW COLLEGE**
Estd. 2018
Where Knowledge is for Justice...
Approved by Govt. of Haryana and Bar Council of India, New Delhi
Affiliated to Chaudhary Bansi Lal University, Bhiwani

COURSES OFFERED
- LL.B. - 3 Years Course
- B.A.LL.B. - 5 Years Integrated Course
- LL.M. - 2 Years Course

Special Features
- Moot Court Competitions
- Internship Opportunities

For Further Information Please Contact
Ph. No. - 9991500274, 9992500397
E-Mail : infolawcollege@brcm.edu.in
Website : www.brcmlawcollege.edu.in

**BRCM SCHOOL EDUCATION INSTITUTIONS** | **ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27**

**BRCM PUBLIC SCHOOL**
SHISHUKUNJ
CO-EDUCATIONAL SCHOOL AFFILIATED TO CBSE
JUNIOR WING
Ph. No. - 9992500733, 9992500507
E-Mail : infoshishukunj@brcm.edu.in | Website : www.brcmshishukunj.com

**BRCM GYANKUNJ SCHOOL**
(Day-Cum-Boarding School)
CO-EDUCATIONAL SCHOOL AFFILIATED TO CBSE
SENIOR WING Science, Commerce & Humanities
Ph. No. - 9992500855, 9992500328
E-Mail : infogyankunj@brcm.edu.in | Website : www.brcmgyankunj.edu.in

**SAINIK SCHOOL SOCIETY**
(MINISTRY OF DEFENCE)
has approved
BRCM SAINIK SCHOOL
Ph. No. - 9992500855, 9992500328
E-Mail : infogyankunj@brcm.edu.in | Website : www.brcmgyankunj.edu.in

www.brcm.edu.in | brcmgoi | brcmes | brcmes | brcmes | brcmes | vidyagram | brcmes



आइसक्रीम तो तुम बच्चों को खूब पसंद आती है। इस भीषण गर्मी में अलग-अलग फ्लेवर की ठंडी-ठंडी यमी आइसक्रीम मिल जाए तो क्या कहने! आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ फेमस आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

# अलग शेप्स-अनूठे फ्लेवर्स वाली यमी आइसक्रीम

रोचक

शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया भर में आइसक्रीम के ऐसे कई प्रकार हैं, जो अपने स्वाद और बनावट के कारण बहुत मशहूर हैं। आज हम तुम्हें अलग-अलग देशों की कुछ टेस्टी और अनोखी आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

## दोंदुरमा आइसक्रीम तुर्किए

तुर्किए देश की दोंदुरमा आइसक्रीम अपनी खास 'खिंचाव' वाली बनावट के लिए जानी जाती है। इसमें दूध और चीनी के साथ 'सालेप' और 'मस्टिक' नामक सामग्री को मिलाया जाता है। सालेप इसे गाढ़ा बनाता है, मस्टिक इसे च्युई



(च्विंग-गम की तरह) बनाता है। 'सालेप' (जंगली ऑर्किड की जड़ का पावडर) मिलाने की वजह से यह जल्दी पिघलती नहीं है। दोंदुरमा आइसक्रीम को बनाने के लिए इसे लोहे की छड़ों से लगातार फेंटा और पीटा जाता है, जिससे यह इतनी सख्त हो जाती है कि इसे हुक पर लटकाया जा सकता है। यह खाने में थोड़ी सख्त और इलास्टिक जैसी लगती है। अब तो अपने देश में भी कुछ शॉपिंग मॉल्स और कई बड़ी मार्केट्स में भी यह आइसक्रीम खाने के लिए मिल जाती है।

## स्पैगेटी आइसक्रीम जर्मनी


यह आइसक्रीम दिखने में बिल्कुल इटैलियन स्पैगेटी पास्ता जैसी लगती है, लेकिन असल में यह वनीला आइसक्रीम



होती है। इसे एक मशीन से नूडल्स जैसा आकार दिया जाता है, ऊपर से टोमैटो सॉस जैसा दिखने वाला स्ट्रॉबेरी सॉस और सफेद चॉकलेट के टुकड़े डाले जाते हैं। इसे सन 1960 के दशक में डारियो फोंटानेला नाम के शख्स ने बनाया था। अकसर इसके बेस में व्हिप्ड क्रीम छिपी होती है, जो स्वाद को और बढ़ा देती है।

## आई-टिम-पैड आइसक्रीम थाईलैंड

आई-टिम-पैड आइसक्रीम की शुरुआत थाईलैंड के स्ट्रीट मार्केट्स में लगभग 2009-2010 के आस-पास हुई थी। इसे बनाने की प्रक्रिया को 'कोल्ड स्टोन' तकनीक कहते हैं। इसका वीडियो यू-ट्यूब और इंस्टाग्राम पर इतना वायरल हुआ कि यह थाईलैंड से बाहर भी लगभग पूरी दुनिया के कई देशों के मॉल्स में भी बिकने लगी। इस आइसक्रीम को 'रोल्ड आइसक्रीम' के नाम से भी जाना जाता है। इसे एक ठंडी धातु



की प्लेट पर दूध और फ्लेवर डालकर बनाया जाता है। फिर इसे तब तक खुरचा जाता है, जब तक यह जम न जाए। इसके बाद फिर इसे पतले रोल में बदल दिया जाता है। यह आइसक्रीम देखने में जितनी मजेदार है, खाने में उतनी ही टेस्टी भी लगती है।

## आइसक्रीम सैंडविच सिंगापुर

सिंगापुर में आइसक्रीम खाने का तरीका जरा हटके है। यहां सड़क किनारे आइसक्रीम विक्रेता आइसक्रीम का एक बड़ा आयताकार टुकड़ा काटते हैं, इसे रंगीन मीठी ब्रेड के स्लाइस



में लपेटकर या दो वेफर्स के बीच रखकर देते हैं। यह सिंगापुर में एक बेहद सस्ता और लोकप्रिय स्ट्रीट फूड है। इसमें लगाई जाने वाली ब्रेड थोड़ी मीठी और अकसर रंगीन (जैसे गुलाबी या हरा) होती है। सैंडविच आइसक्रीम कॉर्न (मक्का), डूरियन (एक तीखी गंध वाला फल) और यम जैसे अनोखे फ्लेवर्स में भी मिलते हैं।

## फालूदेह आइसक्रीम ईरान

फालूदेह दुनिया की सबसे पुरानी फ्रोजन डेजर्ट्स में से एक है। यह फारस (अब ईरान) की एक शानदार ठंडी मिठाई है,



जो 400 ईसा पूर्व के समय से चली आ रही है। फालुदेह पारंपरिक आइसक्रीम जैसी नहीं होती। इसमें चावल के आटे के बने नूडल्स होते हैं, जिन्हें सेमी-फ्रोजन सिरप में मिलाया जाता है। इसमें गुलाब जल मिलाकर इसे खट्टे चेरी, सॉस या नीबू के रस के साथ परोसा जाता है। यह पारंपरिक आइसक्रीम की तरह क्रीमी नहीं, एक गाढ़े शर्बत जैसा एहसास देती है।

### सबसे महंगी आइसक्रीम

**बच्चो, जापान** की बयाकुया दुनिया की सबसे महंगी आइसक्रीम है। इसकी कीमत भारतीय मुद्रा में करीब 5.3



लाख रुपए है। इस आइसक्रीम के महंगे होने की एक वजह यह भी है कि इसमें व्हाइट ट्रफल और सोने की परत का इस्तेमाल किया जाता है।

## होकी पोकी आइसक्रीम न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के लोग आइसक्रीम के बेहद शौकीन होते हैं। यहां की सबसे प्रसिद्ध आइसक्रीम 'होकी पोकी' है। वैसे तो यह



साधारण वनीला आइसक्रीम होती है, लेकिन इसमें हनीकॉम्ब टॉफी के कुरकुरे टुकड़े मिलाए जाते हैं, जिससे इसका स्वाद अनूठा हो जाता है। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ

आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ
लुत्फ उठाओ गोलू!
पिस्ता, केसर, चॉकलेट की
मैंगो, रबड़ी वाली,
स्ट्रॉबेरी और वनीला
ओरेंज बड़ी निराली,
अब खरीद कर इनको खाओ
इनको खाओ गोलू!
सस्ती भी हैं, महंगी भी हैं
जैसी चाहो लेना,

इस गर्मी की ऋतु में लेकिन
भुला न इनको देना,
फौरन घर से बाहर आओ
बाहर आओ गोलू!
तुम्हें पता ये कैसे बनतीं
क्या-क्या चीज मिलाते,
दूध, मलाई, चीनी, खोया
फ्लेवर डाले जाते,
अपने मुख का स्वाद बढ़ाओ
स्वाद बढ़ाओ गोलू!



तुम्हारे लिए नई किताब / नीलम राकेश

## बालिकाओं की रोचक-प्रेरक कहानियां

बच्चों के लिए नागेश पांडेय 'संजय' के कई कहानी संग्रह आ चुके हैं। इनके संपादन में तुम्हारे लिए एक और कहानी संग्रह आया है - 'बालिकाओं की रोचक कहानियां'। इसमें उन्होंने देश के कई जाने-माने बाल साहित्यकारों की कहानियां संकलित की हैं, जो बालिकाओं को केंद्र में रखकर लिखी गई हैं। ये कहानियां रोचक तो हैं ही, प्रेरक भी हैं।



क्षमा शर्मा की कहानी 'दिवाली के दिन' में किशोरियों को यह समझ दी गई है कि माता-पिता और भाई ही उनके असली शुभचिंतक होते हैं। दिविक रमेश ने बालिकाओं पर जरूरत से ज्यादा नियंत्रण को लेकर 'रितु के पापा' शीर्षक से एक कहानी लिखी है। प्रकाश मनु की मनोरंजक कहानी 'खीर खाई टेडी बीयर ने' पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। शकुंतला कालरा की कहानी 'मदर्स-डे' में यह संदेश है कि भावनाएं अमूल्य होती हैं, भावनाओं की कीमत को भावनाओं से ही चुकाया जा सकता है। सूर्यनाथ सिंह की कहानी 'नानू का ननिहाल' में बच्चों को सैर-सपाटे का आनंद तो मिलेगा ही, अंधविश्वासों से सतर्क रहने की शिक्षा भी मिलेगी। समीर गांगुली की कहानी 'फूलों की खोज' बताती है, हमें हमेशा दूसरों की मदद करनी चाहिए। देवेंद्र कुमार की कहानी 'झुमकी का सपना' पढ़कर तुम झुमकी की तरह किसी लड़की का सपना पूरा करने के लिए प्रेरित होगे। उषा यादव की कहानी 'समय की कीमत' का संदेश है, हमें हमेशा समय का महत्व समझना चाहिए। इस कहानी संकलन में संपादक नागेश पांडेय 'संजय की भी एक कहानी 'मुझे कोई प्यार नहीं करता' पढ़ने को मिलेगी, जिसमें बताया गया है, अपने से छोटों को मिलते प्यार से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए।

इनके अलावा इस किताब में संकलित अन्य लेखकों की कहानियां पढ़कर भी तुम्हें अच्छी सीखें मिलेंगी। *

**किताब:** बालिकाओं की रोचक कहानियां, **संपादक:** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'
**मूल्य:** 230 रुपए, **प्रकाशक:** लवकुश प्रकाशन, लखनऊ



कहानी

विजयवीर सहाय

निधि, ऋद्धि और सिद्धि के पापा बहुत बड़े वैज्ञानिक थे। पापा ने अपनी तीनों बेटियों के कान के पीछे एक ऐसी अनोखी चिप लगा रखी थी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इस चिप और अपनी हिम्मत-समझदारी से तीनों बहनों ने अपने पापा को तो खतरे से बचाया ही, देश की रक्षा भी की। पढ़ो, तीन साहसी लड़कियों की कहानी।

## चमत्कारी चिप




एआई इमेज

तीन बहनें थीं-निधि, ऋद्धि और सिद्धि। इनके पापा रवि एक बड़े वैज्ञानिक थे। उन्हें कई पुरस्कार और सम्मान मिल चुके थे। वह हरदम इंसानों की भलाई और देश की सुरक्षा के लिए नई-नई खोजों में लगे रहते। दिन में ऑफिस की प्रयोगशाला में काम करते तो रात में काम करने के लिए उन्होंने एक छोटी-सी प्रयोगशाला घर में बना रखी थी। अपने पापा को देखकर निधि-ऋद्धि-सिद्धि को भी विज्ञान में ज्यादा ही रुचि हो गई थी। स्कूल में साइंस की टीचर तरह-तरह के जो प्रयोग करके दिखातीं, उन्हें वे बड़े गौर से देखतीं। घर में रेडियो, टीवी और मोबाइल में आवाज और चित्र कैसे आते हैं? इस तरह के सवाल तीनों अपने पापा से पूछती रहती थीं। पापा भी उनकी जिज्ञासा शांत किया करते थे। वह अपने बच्चों को विज्ञान संबंधी पत्रिकाएं और किताबें लाकर दिया करते थे। निधि-ऋद्धि-सिद्धि की जिज्ञासा को देखते हुए पापा ने उन्हें घर की प्रयोगशाला में जाने की अनुमति दे रखी थी। पापा ने तीनों बहनों के कान के पीछे एक चिप लगा दी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इसके अलावा इस चिप के जरिए बिना बोले मानसिक तरंगों से एक-दूसरे तक अपनी बात पहुंचा सकती थीं। इससे उन्हें आपस में बात करने में बड़ा मजा आता। कभी किसी सामने वाले के मन की बात पता लगने पर पहले ही उसकी बात बोल देतीं और तब उसकी अचंभित सूरत देखकर खूब हंसतीं।

इन दिनों पापा एक ऐसी गैस का आविष्कार करने में जुटे थे, जो आपस में लड़-झगड़ रहे, हिंसा कर रहे लोगों पर छोड़ी जाए तो तुरंत वे यह सब छोड़कर शांति और दोस्ती का व्यवहार करने लगें। उनका कहना था कि जब लाफिंग गैस से लोगों को हंसाया जा सकता है या किसी गैस से उन्हें गुस्सैल और हिंसक बनाया जा सकता है तो ऐसी गैस क्यों नहीं बन सकती, जो लोगों के गुस्से को प्रेम और शांति की भावना में बदल दे?

एक दिन पापा दो बिल्लियों को प्रयोगशाला में लाए और एक गैस उनकी नाक के पास स्प्रे कर दी। कुछ ही पलों में दोनों गुर्रा कर एक-दूसरे पर हमला करने लगीं। फिर पापा ने दूसरे कंटेनर से गैस स्प्रे किया तो दूसरे ही पल वे शांत होकर आपस में प्यार से खेलने लगीं। यह देखकर पापा खुशी से उछल पड़े। तीनों बेटियों की तरफ देखकर बोले, 'अरे वाह, देखो-देखो सफल हो गई मेरी मेहनत।' निधि, ऋद्धि और सिद्धि ने भी तालियां बजाकर अपने पापा को बधाई दी।

एक दिन चार लोग पापा से मिलने आए। उन्हें ड्रॉइंगरूम में बैठाया गया। पापा उस समय प्रयोगशाला में थे। निधि उन्हें बुलाने चली गई और ऋद्धि मेहमानों के लिए पानी लेकर गई। पानी के गिलास उन्हें पकड़ा कर एक ओर खड़ी हो गई कि गिलास खाली हो जाएं तो वह वापस ले जाए।


तभी उसकी नजर उनके चेहरों पर पड़ी और उसके दिमाग से जुड़ी चिप ने संकेत दिया कि ये अच्छे लोग नहीं हैं। घर में खतरनाक इरादे से आए हैं। उसने तुरंत निधि को संदेश भेजा कि पापा को यहां आने से रोक दे, पर तब तक पापा दरवाजे से अंदर आते दिखे। ऋद्धि वहीं रुक गई और निधि को संदेश भेजा कि प्रयोगशाला से नई गैस वाला कंटेनर लेकर आए और सिद्धि को संदेश भेजा कि पुलिस को फोन करके तुरंत यहां आने को कहे। पापा के ड्रॉइंग रूम में आते ही चारों लोग एक साथ उठे और एक ने ऋद्धि को पकड़ कर उसका मुंह दबा दिया और दो लोगों ने उठकर पापा को दबोच लिया, चौथे ने उनकी कनपटी पर रिवॉल्वर सटाते हुए कहा, 'अपना नया फॉर्मूला तुरंत हमारे हवाले कर दो, शोर मचाया तो गोली मार दूंगा।'

'मार दो गोली, कोई फॉर्मूला तुम लोगों को नहीं दूंगा।' पापा ने दृढ़ता से कहा।

'अच्छा तो ऐसे नहीं मानोगे, ऐ जरा इनको समझाना तो..।' कहते हुए एक ने रिवॉल्वर वाले को इशारा किया। तभी निधि ने वहां आकर कंटेनर से ढेर सारी गैस स्प्रे कर दी। अगले ही पल उन्होंने पापा को छोड़ दिया और बड़े आदर के साथ हाथ जोड़कर एक बोला, 'सर, आप अपना फॉर्मूला हमें दे दीजिए, वर्ना हमारा बॉस हमारी जान ले लेगा।'

'जान तो हम भी नहीं छोड़ेंगे, न तुम लोगों की और न तुम्हारे बॉस की। चुपचाप हमारे साथ पुलिस स्टेशन चलो।' पुलिस इंस्पेक्टर ने कुछ सिपाहियों के साथ अंदर आते हुए कहा। सिपाहियों ने लपक कर चारों को हथकड़ी लगा दी और साथ लेकर चले गए। पूछताछ में पता चला कि चारों किसी खतरनाक गैंग के सदस्य थे, जो पापा की नई खास खोज का फॉर्मूला लेकर दुश्मन देश के हाथ बेचना चाहते थे। पापा की खोजी नई गैस, चमत्कारी चिप और निधि, ऋद्धि, सिद्धि की हिम्मत और समझदारी ने सब बदमाशों को पकड़वा दिया। अखबार, टीवी और रेडियो समाचारों में पापा की खोज और तीनों बहनों की हिम्मत और समझदारी की खूब तारीफ हुई। *

## बूझो तो जानें



1 फल पाचन का पावर हाउस,
इसमें पेपीन एंजाइम होता।
पेट की गैस, एसिडिटी मिटाता,
पकने पर रंग पीला होता।

2 फाइबर का भरपूर खजाना,
करता सही है पाचन तंत्र।
विटामिन सी भरपूर है इसमें,
स्वास्थ्य का देता सुंदर मंत्र।

3 ब्रोमेलिन एंजाइम इसमें,
प्रोटीन पचाने में है सहायक।
विटामिन सी है, मैंगनीज भी,
सिर पर मुकुट सजाए नायक।

4 रात भिगो दें, प्रातः खाएं।
हाई बीपी रोग भगाएं।
खराब कोलेस्ट्रॉल घटाता।
नियमित सेवन स्वास्थ्य प्रदाता।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर - 1 पपीता 2 अमरूद 3 अनानास 4 बादाम

## जीके क्विज-206

1. तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का क्या नाम है?
2. अमेरिका की खोज किसने की थी?
3. शतरंज के इतिहास में दूसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
4. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?
5. बाणभट्ट किस शासक के दरबारी कवि थे?
6. स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक गुरु कौन थे?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. पेड़-पौधे किस रासायनिक प्रक्रिया द्वारा अपना भोजन बनाते हैं?
9. 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
10. किस ग्रह को पृथ्वी की जुड़वा बहन कहा जाता है?



**बच्चो, जीके क्विज-206 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-205 का उत्तर :** 1. शुभेंदु अधिकारी, 2. सोमनाथ मंदिर, 3. असम, 4. उत्तर प्रदेश, 5. शाहजहां, 6. राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, 7. सोडियम, 8. ओटावा, 9. हरा, 10. जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-205 का सही उत्तर देने वाले :** डिगेंद्र-रायपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, वर्णिका-खैरागढ़, कीर्ति-ईमेल से, कबीर-हिसार, पूरब-बिलासपुर, महक-रोहतक, सचिन-महासमुंद, सौरभ-बालोद, रोहित-दुर्ग

## रंग भरो-202

**रंग भरो-202** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**तन्वी, महेंद्रगढ़**



आन्या, दुर्ग



ईशान, ईमेल से



दिशा, बिलासपुर



सोनम, रायपुर


### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आराध्या-रायपुर, प्रगति-बिलासपुर, सुमन-भोपाल, कुसुम-रोहतक, प्रिया-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अतुल-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, आदर्श-रोहतक



रशिका, जांजगीर

## रंग भरो 203



बच्चो, यहां जंबो हाथी का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



चरखी दादरी। समाधान शिविर में समस्या सुनते सीटीएम डॉ. सुभाष।

### पेयजल की समस्याओं का करें त्वरित समाधान

**चरखी दादरी।** वीरवार को समाधान शिविर में सीटीएम डॉ. सुभाष चन्द्र ने नागरिकों की बिजली, पानी, पीपीपी, अवैध निर्माण से संबंधित शिकायतें सुनी और समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के चलते पेयजल से संबंधित समस्याओं का त्वरित निपटारा किया। सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति की नियमित मॉनिटरिंग होगी।

### प्रतियोगिता में ढाणी गंगा बिशन स्कूल रहा प्रथम

**लोहारू।** पिछले दिनों केंद्र सरकार द्वारा तंबाकू मुक्त भारत-तंबाकू मुक्त पीढ़ी में विषय पर आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में उपमंडल के गांव ढाणी गंगा बिशन की राजकीय प्राथमिक पाठशाला ने प्रथम स्थान हासिल किया है। विद्यालय के शिक्षक लीलाराम वर्मा व स्टाफ सदस्यों ने खुशी जाहिर की है। मास्टर लीलाराम ने कहा कि अगर शिक्षक के मन मस्तिष्क में अपने विद्यार्थियों के हौंसलों को उड़ान देने एवं समाज के साथ जोड़ने का जुनून हो तो छोटे से गांव के सरकारी स्कूल के नन्हे विद्यार्थी भी अपनी प्रतिभा से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना सकते हैं।

### आईटीआई में दाखिले जून के पहले सप्ताह से

**चरखी दादरी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जीतपाल ने कहा है कि 10वीं तथा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम आते ही युवा पीढ़ी का रुझान कौशल विकास की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में सभी आइटीआई में जून माह के पहले सप्ताह से आगामी सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हो रही है। उन्होंने बताया कि निदेशालय के निर्देशानुसार जून के प्रथम से सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिला प्रक्रिया आरम्भ कर दी जाएगी।

### सेना भर्ती कार्यालय ने की एग्जाम की तारीख घोषित

**चरखी दादरी।** भारतीय सेना में भर्ती के लिए आयोजित होने वाली कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तारीख घोषित कर दी गई हैं। यह परीक्षा 1 से 12 जून के बीच देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक कर्नल के संदीप ने जानकारी देते हुए ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 15 मई को भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। उम्मीदवार अपने एडमिट कार्ड वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा केंद्र से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी एडमिट कार्ड पर उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने सभी उम्मीदवारों से अपील करते हुए कहा कि वे एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उनका पूर्ण रूप से पालन करें। परीक्षा के लिए रिपोर्टिंग समय तथा गेट बंद होने का समय भी एडमिट कार्ड पर स्पष्ट रूप से अंकित किया गया है।

### बवानी खेड़ा की भागीदारी रहेगी सबसे बड़ीः गजानंद

**बवानीखेड़ा।** उपायुक्त एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ रश्मि शर्मा के मार्गदर्शन में भिवानी में शिक्षा विभाग पुलिस प्रशासन खेल विभाग एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से सभी विद्यालयों में तीन दिवसीय विश्व योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के अंतर्गत बवानी खेड़ा के श्री लाल बहादुर शास्त्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक व अशोक कुमार ने उपस्थित बच्चों को योग आसन प्राणायाम करवाए आयुष योग सहायक गजानंद ने योग दिवस में अधिक से अधिक भागीदारी करने का संकल्प दिलाया।

# तीन साल से फाइल ट्रांसफार के फेर में उलझी एचएसवीपी की सफाई

## शहर के पॉश इलाकों में शामिल पांच जगहों पर गंदगी के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पॉश कॉलोनियों व सबसे व्यस्तम इलाके में दुकानें, शॉपिंग काम्पलेक्स व अन्य तरह के भवन तैयार करने वाले एचएसवीपी की ढिलाई का खामियाजा आमजन भुगत रहे है। एचएसवीपी उक्त इलाकों की केवल सफाई का कार्य नगरपरिषद को सौंपने के लिए फाइलें तैयार कर रहा है,लेकिन करीब तीन साल से न तो फाइल ट्रांसफार हुई और न ही एचएसवीपी ने इन इलाकों की सफाई करवाई। हालात ये शहर के पॉश इलाकों में शामिल पांच जगहों पर तीन साल से गंदगी के ढेर लगे है। वहां के अलॉटी ही अपने आप सफाई करवाकर कचरा नप के प्वाइंटों पर फिंकवा रहे है। कायदे से एचएसवीपी नगरपरिषद को केवल सफाई का कार्य ही नहीं सौंप सकती,बल्कि अन्य कार्य जिनमें बिजली, पानी की सप्लाई, सीवर, सड़कें,शौचालय व अन्य चीजें सौंपनी होती है। नप उन सभी चीजों को टेक ओवर करेगी।



भिवानी। शॉपिंग काम्पलेक्स में पड़ा कचरा। फोटो : हरिभूमि

उसके बाद ही उन जगहों पर सफाई या अन्य कार्य हो सकते है। जब तक कागजी कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती। तब तक एचएसवीपी को ही सफाई करवानी होती है,लेकिन तीन साल से केवल नप को फाइल भेजने का बहाना बनाकर एचएसवीपी अपनी जिम्मेदारियों से बच रहा है। उक्त मामला आज जिला प्रशासन के समाधान शिविर में खूब गूंजा। पार्षद संदीप यादव ने विगत में एचएसवीपी से इस बारे में जवाब मांगा था। जिस पर एचएसवीपी की तरफ से बताया कि गया वे सफाई का कार्य नप को सौंपने जा रहे है। पार्षद ने सीटीएम को बताया कि किसी भी सरकारी एजेंसी का इस तरह का जवाब नहीं बनता। एचएसवीपी जानबूझकर अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहा है। इस पर सीटीएम ने एचएसवीपी के अधिकारियों को झाड़ पिलाई और जब तक नगरपरिषद को सौंपने की सारी प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक सफाई मुक्कमल करवाए जाने के निर्देश दिए है।

### ये क्षेत्र आते हैं एचएसवीपी के दायरे में

एचएसवीपी द्वारा हुडा सिटी सेंटर, पुराना बस अड्डा मार्केट, पंचायत पॉकेट, नया बस अड्डा क्षेत्र की मार्केट,औद्योगिक क्षेत्र की सफाई करवाई जानी है। क्योंकि इन क्षेत्रों को डिवलोप करके एचएसवीपी ने प्रशासन को सौंपे। अब इन इलाकों में बिजली, पानी, सड़क,शौचालयों व सफाई कराने की जिम्मेदारी भी एचएसवीपी की है। जब तक इन इलाकों की सारी चीजें नप को नहीं सौंपी जाती,तब तक नप कोई भी (सफाई आदि) का कार्य नहीं कर सकती।



भिवानी। ज्ञापन सौंपने से पहले लोगों को संबोधित करते कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी। फोटो : हरिभूमि

# कांग्रेसियों ने मुआवजे में बदलाव पर सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी और शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी सहित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को किया नमन

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर वीरवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी के निवास स्थान पर आयोजित हुआ, जहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी और शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान जहां देश के विकास में राजीव गांधी के योगदान को याद किया गया, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन और मौजूदा सरकार के खिलाफ विभिन्न जन-मुद्दों को लेकर मोर्चा खोला गया। ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी व शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी ने सरकार पर किसानों के साथ राजनीतिक द्वेष की भावना से काम करने का गंभीर आरोप लगाया। उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन का हवाला देते हुए उन्होंने सिवानी से सोनीपत तक बिछाई जा रही पावर लाइन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।



### 2002 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं का होगा मिलान

**चरखी दादरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूचियों को पूरी तरह त्रुटिहीन, सटीक और पारदर्शी बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस प्रक्रिया के तहत 2002 की पुरानी निर्वाचक नामावली का वर्तमान मतदाता सूची के साथ मिलान किया जाएगा। इसको लेकर वीरवार को एसडीएम डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा शुरुआती मैपिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे और एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित करेंगे।

# एनएसयूआई ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

- नीट पेपर लीक देश के लाखों छात्रों के भविष्य के साथ धोखा : मंजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नीट 2026 परीक्षा में कथित धांधली और पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में छात्रों का गुस्सा फूट रहा है। इसी कड़ी में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के निर्देशानुसार और हरियाणा एनएसयूआई अध्यक्ष अविनाश यादव के नेतृत्व में एनएसयूआई ने चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और सरकार का पुतला फूंका। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मंजीत लांग्यान ने केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा में हुई भारी धांधली ने देश के 22 लाख से अधिक ईमानदार और मेहनती छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है, जो छात्र वर्षों तक दिन-रात मेहनत कर परीक्षा की तैयारी कर रहे थे, उनके सपनों को तोड़ दिया हैं। प्रदर्शन कर छात्र संगठन ने सरकार के सामने मांग रखी कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की साख पूरी तरह खत्म हो चुकी है, इसलिए इसे तुरंत भंग किया जाए। इस अवसर पर दीपक गुलिया, साहिल वालिया, हर्ष गुलिया, संजय, अजय, मोहित, अक्षय, नरेन्द्र, सनी, अंकित, मोहित, अरुण, राकेश, अमित आदि मौजूद रहे।



भिवानी। नीट पेपर लीक के विरोध में केंद्र सरकार का पूतला फूंकते एनएसयूआई कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### जनगणना का 65 प्रतिशत कार्य पूरा होने के साथ प्रदेश में सबसे आगे है दादरी

**चरखी दादरी।** इस वर्ष की जनगणना प्रक्रिया जिले के लिए कई मायनों में ऐतिहासिक है। जनगणना को लेकर लगातार किए जा रहे बेहतर कार्य के चलते दादरी प्रदेश के अन्य जिलों के लिए अनुसरणीय बन गया है। जिले में वीरवार सुबह तक जनगणना के पहले चरण का 64.97 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। पहली बार देश में शत-प्रतिशत डिजिटल और सटीक डेटा के साथ जनगणना कार्य में अत्याधुनिक मोबाइल ऐप्स और डिजिटल पोर्टल्स का व्यापक उपयोग किया गया है, जिससे कागजी कार्रवाई कम हुई है और डेटा की सटीकता 100 प्रतिशत के करीब है। नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सुरक्षा के वैश्विक मानकों का पालन किया गया है। जिला में तैनात संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत और नागरिकों के सहयोग से जल्द कार्य पूरा होने की उम्मीद है। जिला में बनाए गए 1019 मकान सूचीकरण ब्लॉक में से वीरवार सुबह तक 662 का कार्य पूरा कर लिया गया है।

- 1019 मकान सूचीकरण ब्लॉक में से 662 का कार्य पूरा हुआ



# प्रशिक्षण शिविर में बेहतरीन प्रदर्शन कर किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

बीआरसीएम ज्ञानकुंज विद्यालय के द्वितीय वर्ष के एनसीसी कैडेट्स ने 11 मई से 20 मई तक बीआरसीएम विद्याग्राम परिसर में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

यह शिविर 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी भिवानी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रितेश रंजन तथा डिप्टी कमांडेंट कर्नल एंटोनी हेनरी सेल्वम के कुशल नेतृत्व में आयोजित हुआ था। विद्यालय से कैडेट्स ने बीआरसीएम ज्ञानकुंज सेकंड ऑफिसर जोगेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में शिविर में सहभागिता की। शिविर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बीआरसीएम ज्ञानकुंज विद्यालय के कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पुरस्कार अपने नाम किए। रस्सा-कशी प्रतियोगिता में जूनियर विंग कैडेट्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में ज्ञानकुंज की कैडेट्स ने प्रथम स्थान हासिल कर सभी का मन मोह लिया। डीएसटी प्रतियोगिता में जूनियर विंग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फायरिंग प्रतियोगिता में कैडेट दीपांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में अविष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में कृति ने तृतीय स्थान हासिल किया।कैडेट दीपांशु को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए "बेस्ट कैडेट" अवार्ड से सम्मानित किया गया। सिमरन, खुशी, दीपांशु, पलक एवं महला ने बेहतरीन पायलटिंग प्रदर्शन कर मेडल प्राप्त किए।

- रस्सा-कशी में जूनियर विंग कैडेट्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया
- डीएसटी में जूनियर विंग प्रथम रही

# सूचनाओं का आदान-प्रदान समय पर करें: राज कुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा क्लस्टर में वीरवार को सीपीआईयू की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्लस्टर के विभिन्न विद्यालयों से जुड़े शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभागीय कार्यों की समीक्षा करना तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान को सुचारू बनाना रहा। बैठक सीआरसी-कम-प्राचार्य आनंद शर्मा के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय इंचार्ज सुनील कुमार, सत्यवान, नवीन कुमार द्वारा अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक के लिए एबीआरसी राज कुमारी द्वारा कलस्टर के सभी मुखियाओं को शामिल होने की सूचना दी। सीआरसी ने उपस्थित शिक्षकों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभाग द्वारा मांगी जाने वाली किसी भी सूचना को समय पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कई बार आवश्यक सूचनाएं समय पर प्राप्त नहीं होने के कारण विभागीय कार्य प्रभावित होते हैं।

- बवानीखेड़ा क्लस्टर में सीपीआईयू ने की बैठक



### योग दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

**भिवानी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को गांव मिराण स्कूल में योग सत्र और पूर्वाभ्यास कार्यक्रम हुआ। हरियाणा योग आयोग के प्रोटोकॉल के तहत कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों व अतिथियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। सुबह अनुशासित एवं ऊर्जावान माहौल में सबसे पहले सूर्य नमस्कार और विभिन्न सूक्ष्म अभ्यासों का सामूहिक प्रदर्शन किया। सत्र के दौरान कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न प्राणायामों का अभ्यास करवाया। इसके साथ ही ओउम ध्वनि के पवित्र उच्चारण से पूरा परिसर सकारात्मक ऊर्जा से गुंजायमान हो उठा।

# 231 दिनों के सफर के बाद थमेंगे सद्भाव यात्रा के कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा की सियासत में सद्भाव और भाईचारे के मुद्दे को लेकर पिछले 7 महीनों से जारी पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। वीरवार को भिवानी के एक निजी रेस्तरां में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने इस यात्रा की उपलब्धियों और इसके सियासी मायनों को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की। कांग्रेस नेताओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि इस यात्रा ने सत्ताधारी दल भाजपा की नफरत और विभाजन की राजनीति को बेनकाब करने का काम किया है। वही पत्रकार वार्ता से पूर्व कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हे याद किया तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

- 231वें दिन 2800 किलोमीटर के सफर बाद 90वें विस क्षेत्र में रोहतक में संपन्न होगी



भिवानी। पत्रकारों को सदभाव यात्रा के जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि



### 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू

**चरखी दादरी।** जिले में आयुष विभाग की ओर से 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस अभियान में हरियाणा योग आयोग, पतंजलि योग समिति, योग भारती, शिक्षा विभाग, खेल विभाग तथा पुलिस विभाग का सहयोग लिया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राकेश वशिष्ठ ने बताया कि 20 मई तक जिला के विभिन्न ब्लॉकों में योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत दादरी, बौद कलां, झोझू कलां व बाढड़ा में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर लगाए गए हैं।

## रोगों की रोकथाम के लिए बीज उपचार ही एक मात्र समाधान : डॉ. यादव

# जागरूकता शिविर में किसानों को जड़गलन रोग के बारे में जानकारी दी

ग्वार की अच्छी पैदावार के लिए जून का दूसरा पखवाड़ा बिजाई के लिए सबसे उचित : डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में ग्वार की अधिक बिजाई करके एवं उत्पादकता बढ़ाने के मकसद से खंड बहल के गांव चैहड़कलां में ग्वार फसल पर प्रशिक्षण का आयोजन किया, जिसमें किसानों को सही समय पर बिजाई, बीजोपचार, संतुलित खाद का प्रयोग व अनावश्यक खरपतवार नाशक दवाई नहीं प्रयोग करने की जानकारी दी। शिविर चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वद्यालय से सेवानिवृत कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीडी यादव के तत्वावधान में ट्रेनिंग का आयोजन कृषि विभाग बहल के एटीएम डॉ. मदनसिंह के साथ मिलकर किया। ग्वार विशेषज्ञ डॉ. बीडी यादव ने बताया कि क्षेत्र में जड़गलन रोग काफी बढ़ता जा रहा है और इस बीमारी व इसकी रोकथाम के बारे में किसानों को बहुत ही कम जानकारी है, इसलिए ऐसी ट्रेनिंग लेना और भी जरूरी हो जाता है। गांव चैहड़कलां में ग्वार फसल पर ट्रेनिंग का आयोजन किया।



भिवानी। किसानों को संबोधित करते डॉ. बीडी यादव। फोटो : हरिभूमि

### खेत की मिट्टी व पानी की जांच करवाएं

ग्वार विशेषज्ञ डॉ. यादव ने किसानों को सलाह दी किसी भी फसल की बिजाई से पहीले अपने खेत की मिट्टी व पानी की जांच अवश्य करवाएं तथा खाद का उपयोग मिट्टी की जांच के आधार पर करें। मिट्टी जांच से पता चलता है किस जमीन में कौन से पोषक तत्व की कमी है। उन्होंने कहा कि जड़गलन रोग की रोकथाम के लिए 3 ग्राम कार्बन्डाजिम 50 प्रतिशत (बेविस्टीन) प्रतिकिलो बीज की दर से सुखा उपचारित करने के बाद ही बिजाई करनी चाहिए, ऐसा करने से 80 से 95 प्रतिशत रोग पर काबू पाया जा सकता है। जड़गलन रोग का इलाज मात्र 15 रूपये के बीज उपचार से संभव है। ग्वार विशेषज्ञ ने बीमारी की रोकथाम के लिए बीज उपचार ही एक मात्र हल बताया। उन्होंने किसानों को विशेष सलाह दी कि क्षेत्र में पानी की कमी है और पानी का स्तर बहुत नीचे गिरता जा रहा है, इसलिए किसान पानी लगाकर ग्वार की बिजाई न करें। कृषि अधिकारी एटीएम डॉ. मदन सिंह ने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की स्कीमों के बारें में पुरी जानकारी दी। इस मौके पर सरपंच रामकिशन, अशेक, संजय, धर्मपाल, सुखबीर व हनुमान आदि किसान मौजूद रहे।



### योग शिविर में युवाओं को दिया स्वस्थ जीवन जीने का मंत्र

**भिवानी।** आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश सरकार ने अपनी प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी हैं, वहीं विभिन्न संस्थाओं व सामाजिक संगठन भी इस मुहिम को जन-आंदोलन बनाने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में जिला रोलर स्केटिंग संघ भिवानी, आप की योगशाला एवं सर्वमंगलम व गौरक्षा दल भिवानी के संयुक्त तत्वावधान में साप्ताहिक योग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। शिविर में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**सूचना**

मैं, बाला देवी (Bala Devi) पत्नी श्री ईश्वर सिंह (Ishwar Singh) निवासी हाउस नं0 140, गांव तालू तहसील व जिला भिवानी, हरियाणा-127021 बयान करती हूँ कि मैंने मेरा नाम बाला देवी (Bala Devi) से बदलकर बलवंथी (Balwanthi) रख लिया है। भविष्य में मुझे बाला देवी (Bala Devi) की बजाय बलवंथी (Balwanthi) नाम से जाना व पहचाना जाये जो सही व दुरूस्त है।

## खबर संक्षेप

### सीईई-2026 परीक्षा एक से 12 जून तक : संदीप

**भिवानी।** भर्ती निदेशक कर्नल के संदीप ने बताया कि सेना भर्ती कार्यालय, चरखी दादरी द्वारा कॉमन एंट्रेंस एग्जाम यानि सीईई-2026 की परीक्षा तिथियां घोषित कर दी गई हैं। सीईई परीक्षा का आयोजन एक जून से 12 जून के बीच देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड 15 मई को भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट ज्वाइनइंडियनआर्मी.एनआईसी.इन पर अपलोड कर दिए गए हैं। उम्मीदवार अपने परीक्षा केंद्र का विवरण एडमिट कार्ड पर देख सकते हैं तथा वेबसाइट से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

### पशुपालन विभाग ने चलाया टीकाकरण अभियान

**बाढ़ड़ा।** पशुपालन विभाग ने उपमंडल के तीन दर्जन गांवों में मुहंखुर व गलघोटू बीमारियों को लेकर टीकाकरण व मौसमी बीमारियों को लेकर सजगता अभियान चलाया हुआ है। अभियान की निगरानी के तहत उपमंडल अधिकारी बाढ़ड़ा डॉ. महासिंह ने पशु चिकित्सालय हड़ौदी का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। गांव कारी पशु चिकित्सक दिनेश दलाल ने बताया कि गांव कारी में घर घर जाकर पशुओं को टीकाकरण किया तथा तेज गर्मी के मौसम में पशुओं की देखभाल करने के लिए आवश्यक जानकारी सांझा कर सावधानी बरतने का आह्वान किया। पशुपालन एवं डेयरी विभाग 11 जून तक टीकारण अभियान चलाएगा।

### दुर्घटनाग्रस्त कार से सामान चोरी, केस दर्ज

**लोहारू।** बिसलवास के नजदीक सड़क हादसे में दुर्घटनाग्रस्त हुई कार का अज्ञात चोरों ने सभी टायरों सहित आवश्यक सामान चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले में लोहारू पुलिस ने बिसलवास निवासी विक्रम की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विक्रम सिंह ने बताया कि 10 मई को उनकी बुआ का लड़का राकेश और चचेरा भाई योगेश गांव से लोहारू किसी काम से जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी और पेड़ से जा टकराई थी। उक्त हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई थी। दोनों युवकों के अंतिम संस्कार के बाद जब घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि दुर्घटनाग्रस्त कार के सभी टायर, गाड़ी में रखा गैस सिलेंडर, म्यूजिक सिस्टम, आरसी सहित चालक के दस्तावेज सब गायब थे।

### कैबिनेट मंत्री के आवास पर महापड़ाव की तैयारी

**बाढ़ड़ा।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने हड़ताल एवं आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी है। यूनियन की राज्य कमेटी की वर्चुअल बैठक राज्य प्रधान बसाऊराम की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 22 मई शुक्रवार को अंबाला सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों और ब्लॉकों में प्रदेश सरकार के पुतलों का दहन किया जाएगा। वहीं 24 और 25 मई को नरवाना में समाज कल्याण मंत्री कृष्ण बेदी के विधानसभा कार्यालय पर ऐतिहासिक महापड़ाव किया जाएगा।

## पक्षियों को गर्मी से बचाने को पिलाया जा रहा ग्लूकॉन डी एवं ओआरएस का घोल

# हीटवेव ने जंगल के राजा शेर को सताया चिड़ियाघर प्रशासन ने कूलर चलाया

**खास बातें**

- चिड़ियाघर में जीव-जन्तुओं व जानवरों को गर्मी व लू से बचाने का विशेष व्यवस्था
- हीटवेव से बचाने को पिंजरों व बाड़ों में लगाए कूलर, बार-बार पानी का किया जा रहा छिड़काव




**भिवानी।** चिड़ियाघर में तोतों को गर्मी से बचाने के लिए एवं भालू को गर्मी से बचाने को पिंजरे में लगाया कूलर।

राकेश भटठी ▶▶ भिवानी

चिलचिलाती गर्मी, गर्म हवाओं व लू के थपेड़ों से आमजन जहां परेशान हैं, वहीं चौधरी सुरेंद्र सिंह चिड़ियाघर के जीव-जन्तु व जानवर की भी बेहाल हैं, जिन्हें गर्मी एवं लू से बचाने के लिए चिड़ियाघर प्रशासन ने अच्छे खासे इंतजाम किए हैं। चिड़ियाघर में जंगल के राजा शेर व मस्त मौला भालू के लिए बड़े-बड़े कूलर लगाए गए हैं, ताकि शेर व भालू को गर्मी में भी ठंड का अहसास होता रहे। वहीं पक्षियों के पिंजरों के बाहर गर्मी व लू के प्रवेश को रोकने के लिए बांस की चीक व ग्रीन नेट लगाया हैं और साथ ही पिंजरों में थोड़ी थोड़ी देर में पानी का छिड़काव किया जा रहा हैं। इसके साथ ही पक्षियों को गर्मी से बचाने के लिए ग्लूकॉन डी व ओआरएस का घोल पिलाया जा रहा हैं, ताकि उन्हें राहत मिल सकें।

उल्लेखनीय हैं कि चौधरी सुरेंद्रसिंह चिड़ियाघर में भीषण गर्मी एवं लू से बेजुबान जीव-जंतुओं व जानवरों को बचाने के लिए चिड़ियाघर प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। पिछले तीन दिन से भीषण गर्मी एवं लू (हीटवेव) का प्रकोप हैं। दिन का अधिकतम तापमान 41 से 44 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 29 से 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया हैं। अत्यधिक बढ़ते तापमान को देखते हुए चिड़ियाघर प्रशासन ने जीव-जन्तुओं व जानवरों के बाड़ों व पिंजरों में कूलर, बांस की चीक व ग्रीन नेट की पुख्ता व्यवस्था की हैं।

भिवानी के चिड़ियाघर में 103 जीव-जन्तु व जानवर हैं, जिनकी देखरेख के लिए तीन कर्मचारी तैनात हैं, जो उनके दाना, पानी, चारा व खाना देने की जिम्मेदारी निभाते हैं। जानवरों के बाड़ों का तापमान नियंत्रित रखने के लिए ग्रीन नेट व बांस की चीक लगाई हैं, जिससे कि जीव-जन्तुओं को सीधे गर्मी व लू का प्रकोप न झेलना पड़े। दूसरी ओर मांसाहारी जानवरों व पक्षियों के बाड़ों में बड़े-बड़े कूलर चला रखे हैं, ताकि गर्मी में भी उन्हें ठंड का अहसास होता रहे। वहीं पक्षियों के पिंजरों में दिन में अनेक बार पानी की बौछारें एवं छिड़काव किया जाता हैं, ताकि पिंजरों की मिट्टी गिल्ली रहकर ठंडक बनी रहे। इसके साथ ही गर्मी से बचाने के लिए जानवरों व पक्षियों के पीने के पानी में ग्लूकोज व ओआरएस मिलाकर पिलाए जा रहे हैं, ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिले और वे लू के प्रकोप से बच सकें।




**भिवानी।** चिड़ियाघर में शेर को नहलाता कर्मचारी तथा तोतों के पिंजरे में पानी का छिड़काव करता कर्मचारी।

### सप्ताह में एक बार स्वास्थ्य जांच

इसके साथ ही सप्ताह में एक बार चिकित्सक जीव-जन्तुओं व जानवरों के स्वास्थ्य की जांच करने चिड़ियाघर में पहुंचते हैं, ताकि जीव-जन्तु व जानवर के गर्मी व लू की चपेट में आने जैसी समस्या पर तुरंत संभाल हो सकें। चिड़ियाघर में शेरों के अलावा भालू, घड़ियाल, चिंकारा, ब्लैकबक, सांभर, पैरट व उल्लू समेत परिंदों की अनेक प्रजातियां है।

## न्यूज डायरी



### निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के प्रयोग की शिकायत

**तोशाम।** गांव संडवा के धन्यवाला जोहड़ में चहारदिवारी और घाट के निर्माण में घटिया सामग्री लगाए जाने के आरोप हैं। जेजेपी के युवा नेता सुखबीर संडवा ने निर्माण कार्य में हो रही गड़बड़ी को लेकर सीएम विंडो व बीडीपीओ को शिकायत भेजी है। संडवा निवासी सुखबीरने सीएम विंडो व बीडीपीओ को भेजी शिकायत में आरोप लगाए हैं कि धन्यवाला जोहड़ की चहारदिवारी और दोनों घाटों का निर्माण कार्य हो रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा तीन नंबर की ईंटें और घटिया क्रेशर और सीमेंट लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि स्कीम के माध्यम से 25 लाख रुपये की ग्रांट थी। ठेकेदार ने टेंडर के दौरान माइनस में इस कार्य को करीबन 21 लाख रुपये में लिया था।



### नालियों की सफाई व्यवस्था को लेकर रोष प्रदर्शन

**बवानीखेड़ा।** कस्बे के वार्ड 13 में नालियों और नालों की सफाई व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। वार्डवासियों ने प्रशासन और नगर पालिका के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते हुए जल्द समाधान की मांग उठाई। लोगों मे सुरेन्द्र कुमार, सीमा, प्रवीण, प्रवीण कुमार, विपिन, किरण, दीपा, अनिल, घासीराम, रामप्रकाश आदि का आरोप है कि लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी गलियों में जमा हो रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश और घरेलू पानी लगातार गलियों व घरों के आसपास जमा रहता है।

## अनु और दीपिका को किया सम्मानित

**बवानीखेड़ा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 10+2 परीक्षा परिणाम मे राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंगड की छात्रा अनु पुत्री अमित कुमार जिन्होंने सरकारी विद्यालयों में पूरे हरियाणा में प्रथम तथा ओवरऑल छठा स्थान प्राप्त किया। किसके अतिरिक्त पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानी खेड़ा की छात्रा दीपिका पुत्री पवन कुमार ने सरकारी विद्यालयों में पूरे हरियाणा में दूसरा तथा ओवरऑल छठा स्थान प्राप्त किया । आज आज दोनों छात्राओं के सम्मान में हसला द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कुंगड़ के प्राचार्य भुवनेश मुदगल तथा बवानी खेड़ा के प्राचार्य आनंद शर्मा ने दोनों छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। हसला के जिला प्रधान महेंद्र मान ने इन बालिकाओं को भविष्य में इसी प्रकार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।



**बवानीखेड़ा।** प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए।

## आज फूंकेंगे सरकार का पुतला

**भिवानी।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू के आह्वान पर हड़ताल गुरूवार को सातवें दिन भी जारी रही। कर्मचारियों ने पक्का कर्मचारी, 26000 रुपये वेतन, एक्सग्रेसिया, 400 की आबादी पर स्थायी कर्मचारी की भर्ती की मांग की और 22 मई को सरकार का पुतला दहन करने का निर्णय लिया। यह निर्णय धरने पर मौजूद ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने लिया। धरने की अध्यक्षता राजेंद्र धनाना व संचालन गोबिन्द ने किया। रोष सभा व हड़ताल को संबोधित करते हुए सीटू व यूनियन नेताओं ने बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा हैं। प्रदेशभर में



तपती गर्मी के बावजूद भिवानी, लोहारू, बहल व सिवानी में ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपनी मांगों लेकर आन्दोलन के मैदान में डटे हुए हैं, जबकि मुख्यमंत्री व मंत्री एसी गाड़ियों के काफिलों के साथ प्रदेशभर में घुमकर अपने आपको अनुसूचित जाति, महिला व मजदूर हितैषी होने का दावा कर रहे हैं।




### लिटिल चैम्पस ने दिए गर्मी से बचाव के संदेश

**भिवानी।** लिटल हार्टस कॉन्वेन्ट स्कूल में एलकेजी कक्षा की पूल-पार्टी व ग्रीष्मकालीन सत्र का आयोजन किया। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि बच्चों की पूल-पार्टी व ग्रीष्मकालीन सत्र में बढ़-चढ़कर बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया व नृत्य किया। विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रैम्प वॉक में भाग लिया व बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। प्राचार्या वीणा सेठ ने विद्यार्थियों को भीषण गर्मी से बचने के टिप्स दिए। नन्हे-मुन्हे विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में शीतल पेय पदार्थो का सेवन कर ग्रीष्मकालीन सत्र को सेलिब्रेट किया व सामुहिक रूप से माह में आने वाले सभी बच्चों का जन्मदिन मनाया। निदेशक रामानन्द सिंघल, ऐश्वर्या सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल, व साक्षी गोयल ने बच्चों की प्रतिभा व उत्साह की सराहना की।



### नशे में संलिप्त व्यक्तियों के ठिकानों पर रेड

**चरखी दादरी।** डीएसपी कप्तान सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी सतबीर सिंह की टीम ने डॉग स्कवॉयड के साथ गांव समसपुर में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान नशे के कारोबार में संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों के ठिकानों पर रेड कर गहन तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने गांव के विभिन्न स्थानों, संदिग्ध मकानों, खाली प्लॉटों तथा अन्य चिन्हित स्थानों की गहनता से जांच की। अभियान में डॉग स्कवॉयड की सहायता से संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई।

## चिट फंड पीड़ित निवेशकों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चिट फंड कंपनियों के पीड़ित निवेशकों के सब्र का बांध आखिरकार टूट गया। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार (तपजप) के बैनर तले वीरवार को पूरे देश में भुगतान चेतावनी दिवस मनाया। राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह के तहत देश के विभिन्न जिलों और तहसीलों में ठगी पीड़ितों ने जोरदार प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को खुला रोषात्मक ज्ञापन सौंपा। इसी कड़ी में भिवानी में प्रदर्शन तपजप के बैनर तले हुआ। प्रदर्शन से पहले पीड़ित निवेशकों की बैठक चौधरी सुरेंद्र सिंह पार्क में हुई, जिसकी अध्यक्षता तपजप के प्रदेश अध्यक्ष रामजस ने की तथा संचालन जिलाध्यक्ष रमेश तंवर ने किया। इसके उपरांत पीड़ित निवेशक प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे तथा बड्स एक्ट भिवानी के सक्षम अधिकारी व पुलिस अधीक्षक के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्र के नाम मांगपत्र सौंपा। रामजस ने सरकार और लचर प्रशासनिक व्यवस्था पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र और संसद का सबसे बड़ा अपमान है।



**भिवानी।** विरोध प्रदर्शन करते चीट फंड पीड़ित निवेशक। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राजेश बडाला, पवन सिरसा घोघड़ा, बलबीर, कृष्ण, सुरेश, वजीर, मुकेश, उमेद रानिला, राजबीर, हरीश, सतपाल फौजी, सूबेसिंह, विजय रोहिल्ला, सुरेश अलखपुरा, सुखबीर सिंह, शीला देवी व गुड्डी आदि मौजूद रहे।

## झुका प्रशासन, बहाल हुए इंजीनियर

# एसोसिएशन का धरना खत्म करने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आखिर संगठित इंजीनियरों की मेहनत रंग ला गई। चार दिनों से आंदोलनरत इंजीनियरों के पास साथियों के बहाली के आदेश पहुंचे तो इंजीनियरों में खुशी छा गई। बाद में लिखित आर्डर आने के बाद एसोसिएशन के सदस्यों ने धरना खत्म करने का ऐलान कर दिया।

साथी इंजीनियरों के निलंबित करने के विरोध में 18 मई से सिंचाई विभाग, पब्लिक हेल्थ, बीएंडआर तथा पंचायती राज विभाग के कनिष्ठ अभियंता धरने पर बैठे थे। बताते है कि कैरू इलाके में कोई निर्माण कार्य चल रहा है। वहां पर कोई गडबड़ी मिली। इसी को लेकर दो कनिष्ठ अभियंताओं को सस्पेंड कर दिया। इसी मामले को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन अधीक्षण अभियंता बिश्नोई से मिली और दोनों जेई के साथ हुए अन्याय के बारे में अवगत करवाया। 21 मई को जेई धरना स्थल पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। उसके बाद इंजीनियर इन चीफ की तरफ से दोनों कनिष्ठ अभियंताओं के बहाली के आदेश मेल पर भेजे गए। आदेश आते ही अधीक्षक अभियंता ओपी बिश्नोई धरनास्थल पर पहुंचे और दोनों कनिष्ठ अभियंताओं के बहाली के आदेश दिखाए।



**भिवानी।** साथी इंजीनियरों की बहाली के बाद धरनास्थल पर मुंह मीठा करवाते हुए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सिंचाई विभाग से कार्यकारी अभियंता अनुराग गोयल, नवीन देशवाल, सुरेंद्र कुमार तथा उपमंडल अभियंता राकेश, एसडीओ अंकित राणा, बजरंग, रजनीश, लोक निर्माण विभाग से उपमण्डल अभियंता सुनील राठी, जन स्वास्थ्य विभाग से उपमंडल अभियंता रवि ग्रेवाल ,एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संजय जैन (पब्लिक हेल्थ), उपाध्यक्ष गौरव तंवर (सिंचाई विभाग),कनिष्ठ अभियंता पंकज शर्मा, कनिष्ठ अभियंत दिनेश जांगड़ा, कनिष्ठ अभियंता ब्रिजेश जावला, महेंद्र सिंह, सचिन, निकेश, आशीष, अमित राठी, रविंद्र, नुकुल, राहुल, रमेश, हरिओम, रूपेश सहित अनेक इंजीनियर उपस्थित रहे।

